# Government Raza P.G.College,Rampur

Re-Accredited 'B' Grade "III rd Cycles of Accreditation" by NAAC

Affiliated to M.J.P. Rohilkhand University, Bareilly-UP

## IQAC and Women Cell Proudly Presents the Webinar Series

**विषय:-"The impact of COVID 19 on Women: A Psychological Analysis"**

## कोविड - 19 का महिलाओं पर प्रभाव : एक मनोवैज्ञानिक विश्लेषण

**दिनांक – 6 August 2020**

**प्रातः 11 : 00 बजे**

## कार्यक्रम रूपरेखा

| | | |
|---|---|---|
|  Dr. Deepa Agarwal, Coordinator, Women Cell, Govt. Raza P.G. College, Rampur | कार्यक्रम प्रारंभ | 11:00 प्रातः |
| Madhuri Raghuvansi and Sonali Negi | सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत | 11: 00 -11:10 प्रातः |
| Dr. Deepa Agarwal | कार्यक्रम परिचय | 11:10 - 11:15 प्रातः |
|  Dr. P. K. Varshney, Principal, Govt. Raza P.G. College, Rampur | स्वागत उद्बोधन | 11:15 - 11:20 प्रातः |
|  Dr. Vinita Singh, Chief Proctor, Govt. Raza P.G. College, Rampur | अतिथि स्वागत | 11:20 - 11:25 प्रातः |

| | | |
|---|---|---|
|  **Dr. Ajita Rani,**<br>**HoD, Psychology**<br>**Govt. Raza P. G. College,**<br>**Rampur, (U.P.)** | **तकनीकी सत्र प्रारंभ** | **11:25 - 11:30 प्रातः** |
|  **Dr. Preeti Gautam,**<br>**Ex. Director,**<br>**Higher Education,**<br>**Uttar Pradesh**<br>**Chief Guest** | **मुख्य अतिथि उद्बोधन** | **11:30 – 11:45 प्रातः** |
|  **Dr. Aradhna Shukla,**<br>**Retd. Prof. & Dean Dept of Psychology Kumaun, University,**<br>**Nainital (U.K.)**<br>**Special Guest** | **विशिष्ट अतिथि उद्बोधन** | **11:45 – 12:00 मध्यान्ह** |
|  **Dr.Kiran Sahu,**<br>**HoD, Pychology,**<br>**Gokuldas Girls P. G. College, Moradabad, (U.P.)**<br>**Expert** | **विशेषज्ञ उद्बोधन** | **12:00 - 12:15 मध्यान्ह** |
|  **Dr.Sunita Balani**<br>**Counseling Psychologist & Faculty,**<br>**Amity University, Lucknow (U.P.)**<br>**Expert** | **विशेषज्ञ उद्बोधन** | **12:15 - 12:30 मध्यान्ह** |

| | | | |
|---|---|---|---|
|  | Dr. Meenakshi Gupta, Associate Professor, Psychology, Govt. Raza P. G. College, Rampur | प्रश्न उत्तर सत्र | 12:30 - 12:45 मध्यान्ह |
|  | Dr. Monika Khanna, Assistant Professor, Economics, Govt. Raza P. G. College, Rampur | धन्यवाद ज्ञापन | 12:45 - 12:50 मध्यान्ह |
| राष्ट्रगान | | | 12:50 मध्यान्ह |

**डॉ0 सीमा तेवतिया, डॉ0 राजू एवं डॉ0 मौ0 कामिल हुसैन (ई-प्रमाण पत्र एवं तकनीकी सहयोग )**

**डॉ0 ज़ेबी नाज़, डॉ0 रेश्मा परवीन, डॉ0 प्रदीप कुमार ( प्रेस/ मीडिया रिपोर्ट )**

LINK For join WEBINAR

https://meet.google.com/hat-ueed-bnj

**GOVT. RAZA POST GRADUATE COLLEGE, RAMPUR**
**Re-Accredited 'B' by NAAC**
**Affiliated by M.J.P Rohilkhand University, Bareilly**

# Women Cell

दिनांक: 06 अगस्त 2020

कार्यालय राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर उत्तर प्रदेश।

*वेबिनार आख्या*

आज दिनांक 06/08/ 20 को राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आई०क्यू ०ए०सी० एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया जिसका विषय "कोविड-19 का महिलाओं पर प्रभाव: एक मनोवैज्ञानिक विश्लेषण" रहा वेबिनार का शुभारंभ कार्यक्रम समन्वयक डॉ दीपा अग्रवाल द्वारा किया गया कार्यक्रम के आरंभ में छात्रा माधुरी एवं रुक्मणी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की सोनाली ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात डॉ दीपाअग्रवाल ने विषय परिचय देते हुए कहा कि महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ कार्यक्षेत्र में महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा एवं लैंगिक उत्पीड़न के विरुद्ध कार्य करता है। यह प्रकोष्ठ छात्राओं एवं महिला अध्यापकों को एक सुरक्षित माहौल प्रदान करता है साथ ही उनकी समस्याओं का निवारण भी किया जाता है। समय-समय पर महिला प्रकोष्ठ समाज में जाकर भी महिलाओं को जागरूक करता है। विषय परिचय के उपरांत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीके वार्ष्णेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, एवं समाज भी उनकी शक्तियों को पहचान रहा है। महाविद्यालय महिलाओं को सुरक्षा देने- आगे बढ़ाने एवं उनके अधिकारों की रक्षा करने में सदैव तत्पर रहा है साथ ही उन्होंने कहा कि इस महामारी के दौर में महिलाएं हिम्मत से काम ले तथा निडर होकर इसका सामना करें। तत्पश्चात महाविद्यालय मुख्य शास्ता *डॉ विनीता सिंह* ने कहा कि भारत में महिलाओं का सदैव सम्मान रहा है लेकिन महिलाओं पर दोहरी जिम्मेदारियां निभानी पड़ती है। आज पुरुषों के द्वारा महिलाओं का साथ देने एवं उनके कार्यभार में हाथ बंटाने की आवश्यकता को समझा जाना चाहिए। मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ०अजीता रानी ने तकनीकी सत्र आरंभ करते हुए अतिथियों का परिचय कराया एवं मुख्य अतिथि के रुप में पधारी निवर्तमान निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश डॉ प्रीति गौतम ने कहा कि कोविड महामारी का सभी लोगों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ा है। इस महामारी ने परिस्थितियों को बदल दिया है।बहुतसी महिलाएं घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं से जूझ रही हैं, जिनका समाधान करने की आवश्यकता है। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही है, कोविड महामारी के कारण गिरती हुई अर्थव्यवस्था भी महिलाओं पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है जिससे वे डिप्रेशन जैसी बीमारियों का शिकार हो रही है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ आराधना शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अक्सर महिलाएं अपनी आवाज को खामोशी में दबाकर स्व-उत्पीड़न करती है तथा विभिन्न मानसिक रोगों से ग्रस्त हो जाती हैं। कहा कि जीवन में स्वस्थ मानसिकता वाले गुणों जैसे सकारात्मक सोच,आशावाद आदि की अत्यधिक आवश्यकता है, विशेषकर इस महामारी के दौर में स्वस्थ मानसिकता के क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा पीछे ही रह जा रही है, क्योंकि वह खुलकर आपानी देखभाल नही कर पाती एवं घुटन एवं दमन का शिकार होती रहती है। महिलाएं अपने स्वास्थ्य, भोजन एवं दूसरी मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित नहीं करती है परिवार की देखरेख उनकी प्राथमिकता होती है, इसमें उनका अपना व्यक्तित्व कहीं खो जाता है। कॉविड महामारी के इस दौर में नोकरी कार्यभार, तनाव,घरेलू हिंसा के चलते महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य का ह्रास हुआ है, लेकिन तनाव से उबरने के लिए महिलाओं को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना होगा। विषय विशेषज्ञ गोकुलदास गर्ल्स डिग्री कॉलेज मुरादाबाद की मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी *डॉ किरण साहू* ने अपने उद्बोधन में कहा कि हेल्थ सेंटर अथवा दूसरे विभागों में कार्यरत महिलाएं अपने परिवार से नही मिल पाने के कारण अथवा दूसरे कारणों से महिलाओं के मानसिक तनाव में वृद्धि हो रही है तो दूसरी और घरेलू हिंसा एवं लैंगिक असमानता भी एक बड़ी समस्या के रूप में महिलाओं के लिए चुनौती उतपन्न कर रही है।

उक्त वेबिनार में तकनीकी एक्सपर्ट के रूप में डॉ सुनीता बलानी मनोविज्ञान काउंसलर अमेठी यूनिवर्सिटी रही जिन्होंने कोविड महामारी के दौरान महिलाओं एवं बच्चो में मानसिक तनाव को दूर करने के उपाय बताए एवं डॉ मीनाक्षी मैडम ने मनोविकारों के उपाय निदान आदि पर अनेक प्रश्न विशेषज्ञ वक्ताओं से किए जिससे कि लोकडौन अवधि में विभिन्न मानसिक चुनोतियो से निपटा जा सके।


अंत डॉ मोनिका खन्ना के द्वारा वेबिनार में सम्मलित हुए अतिथियों, प्रध्यपको, प्रतिभागियों के आभार व्यक्त किया।

**GOVT. RAZA POST GRADUATE COLLEGE, RAMPUR**

**Re-Accredited 'B' by NAAC**

**Affiliated by M.J.P Rohilkhand University, Bareilly**

# Women Cell






अमर उजाला रामपुर amarujala.com

शुक्रवार, 7 अगस्त 2020 3

## 'महिलाएं निडर होकर करें महामारी के दौर का सामना'

### राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया वेबीनार

संवाद न्यूज एजेंसी

**कोविड-19 का महिलाओं पर प्रभाव एक मनोवैज्ञानिक विश्लेषण विषय पर चर्चा**

Principal

Govt. Raza P.G. College

Rampur (U.P.)